Number of Pages in Booklet : 28
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या
Number of Questions in Booklet : 70
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

**180889**

# Law

## Subject Code/विषय कोड : 18

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..........................................

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ..........................................

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..........................................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ..........................................

Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : ..........................................

Time/समय : 75 Minutes/मिनिट्स — Maximum Marks/पूर्णांक : 70

**Instructions**

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 1 to serial no. 10 are related to general aptitude while questions from serial no. 11 to serial no. 70 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (a), (b), (c), (d).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the answer sheet by using **BLUE BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

**निर्देश**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 10 तक के प्रश्न सामान्य अभिवृत्ति के तथा क्रमांक 11 से क्रमांक 70 तक के प्रश्न विषय केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (अ), (ब), (स), (द) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को उत्तर पुस्तिका पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

SEAL

Space for Rough Work

कच्चे कार्य के लिए स्थान

1. Fill in blank in the given sentence so as to make sense. Select the correct word from the answer choices.

Dear students enjoy,............................ during the holidays.

(a) oneselves

(b) one other

(c) yourselves

(d) none of the above

2. A word has been written in four different ways out of which only one is correctly spelt. Find the correctly spelt word :

(a) Pasanger

(b) Pessenger

(c) Pesanger

(d) Passenger

1. नीचे दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान भरिये ताकि वाक्य अर्थपूर्ण बने। निम्नलिखित में से इस हेतु उपयुक्त चुनाव कीजिए :

Dear students enjoy,............................ during the holidays.

(अ) oneselves

(ब) one other

(स) yourselves

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. एक शब्द को नीचे चार भिन्न तरीकों से लिखा गया है। इसमें से एक की स्पेलिंग ही सही है। सही स्पेलिंग वाले शब्द का चुनाव कीजिए।

(अ) Pasanger

(ब) Pessenger

(स) Pesanger

(द) Passenger

3. Out of the four alternatives, choose the one which best expresses the meaning of the given word :

APPRAISAL :

(a) Estimation

(b) Praise

(c) Approval

(d) Investigation

4. Which of the great epics was written by Veda Vyasa, with the help of Ganesha, Shiva's son ?

(a) Both

(b) Mahabharata

(c) Neither

(d) Ramayana

5. The 2012 Olympic Games are scheduled to be held at :

(a) London

(b) Seoul

(c) Sydney

(d) Tokyo

3. नीचे दिये गये चार विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिये जो दिये गये शब्द का सबसे उपयुक्त उत्तर है :

APPRAISAL :

(अ) Estimation

(ब) Praise

(स) Approval

(द) Investigation

4. शिव के पुत्र गणेश की सहायता से वेद व्यास ने किस महाकाव्य को लिखा था ?

(अ) दोनों

(ब) महाभारत

(स) कोई नहीं

(द) रामायण

5. 2012 के ओलम्पिक खेल यहाँ पर आयोजित किये जायेंगे :

(अ) लंदन

(ब) सियोल

(स) सिडनी

(द) टोक्यो

6. Bismillah Khan was associated with :

(a) Sarod

(b) Shehnai

(c) Flute

(d) Tabla

7. What is 15 percent of Rs. 34 ?

(a) Rs. 3.40

(b) Rs. 3.75

(c) Rs. 4.50

(d) Rs. 5.10

8. The value of 1001 ÷ 11 of 13 is :

(a) 7

(b) 91

(c) 143

(d) 169

6. बिस्मिल्लाह खान इससे संबंधित हैं :

(अ) सरोद

(ब) शहनाई

(स) बांसुरी

(द) तबला

7. 34 रुपये का 15 प्रतिशत क्या है ?

(अ) 3.40 रुपये

(ब) 3.75 रुपये

(स) 4.50 रुपये

(द) 5.10 रुपये

8. 1001 ÷ 11 के 13वें भाग का मान है :

(अ) 7

(ब) 91

(स) 143

(द) 169

9. Complete the series from the given alternatives :

134, 245, 356, 467, ....

(a) 579

(b) 578

(c) 568

(d) 478

9. दिये गये विकल्पों में से किसी एक को चुनकर श्रेणी को पूरा कीजिए :

134, 245, 356, 467, ....

(अ) 579

(ब) 578

(स) 568

(द) 478

10. Four words have been given, out of which three are alike in some manner and the fourth one is different. Choose out the odd one :

(a) Gloomy

(b) Calm

(c) Dull

(d) Distress

10. दिये गये चार विकल्पों में से तीन शब्द किसी आधार पर समान हैं और चौथा भिन्न है। उस भिन्न शब्द को चुनिये :

(अ) Gloomy

(ब) Calm

(स) Dull

(द) Distress

11. Who was the Chairman of Constituent Assembly (1946-1949) ?

(a) Dr. B.R. Ambedkar

(b) Dr. Rajendra Prasad

(c) Pt. Jawahar Lal Nehru

(d) Sardar Ballabhbhai Patel

11. संविधान सभा (1946-1949) के अध्यक्ष कौन थे ?

(अ) डॉ. भीमराव अम्बेडकर

(ब) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(स) पं. जवाहरलाल नेहरू

(द) सरदार बल्लभभाई पटेल

12. Which is *not* included in the definition of State under Article 12 of the Constitution ?

(a) House of People

(b) Reserve Bank of India

(c) Bharti Airtel

(d) Delhi University

13. Which Constitutional Amendment inserted Right to Education to all children age group of 6-14 years ?

(a) By Forty-Second Constitution Amendment : 1976

(b) By Forty-Fourth Constitution Amendment : 1978

(c) By Eighty-Sixth Constitution Amendment : 2002

(d) By Ninty-Third Constitution Amendment : 2005

14. Who defined Jurisprudence as 'Lawyer's Extroversion' ?

(a) Holmes

(b) Julius Stone

(c) Pound

(d) Austin

12. संविधान के अनुच्छेद 12 में राज्य की परिभाषा में कौन सम्मिलित नहीं है ?

(अ) लोक सभा

(ब) भारतीय रिजर्व बैंक

(स) भारती एयरटेल

(द) दिल्ली विश्वविद्यालय

13. छः से चौदह वर्ष के बच्चों के लिए शिक्षा का अधिकार किस संविधान संशोधन के द्वारा जोड़ा गया है ?

(अ) 42वाँ संविधान संशोधन : 1976

(ब) 44वाँ संविधान संशोधन : 1978

(स) 86वाँ संविधान संशोधन : 2002

(द) 93वाँ संविधान संशोधन : 2005

14. विधिशास्त्र को 'विधिवेत्ता की बाह्यदर्शिता' किसने कहा ?

(अ) होम्स

(ब) जूलियस स्टोन

(स) पाउण्ड

(द) ऑस्टिन

15. Who of the following defined Jurisprudence as "observation of things and divine, the knowledge of the just and unjust" ?

(a) Pound

(b) Stone

(c) Ulpian

(d) Holmes

16. Which of the following writers said that it was the sense of pleasure and pain which guided all actions ?

(a) David Hume

(b) Bentham

(c) Auguste Comte

(d) Rousseau

17. Which fundamental rights are not suspended during the proclamation of Emergency under Article 352 of the Constitution ?

(a) Articles 14, 19 and 20

(b) Articles 19, 20 and 21

(c) Articles 20 and 21

(d) Articles 20, 21 and 22

15. निम्न में से किसने विधिशास्त्र को 'मानवीय एवं दैवीय विषयों का ज्ञान और न्यायपूर्ण और अन्यायपूर्ण का विज्ञान' के रूप में परिभाषित किया ?

(अ) पाउण्ड

(ब) स्टोन

(स) अल्पियन

(द) होम्स

16. निम्नलिखित में से कौनसा लेखक यह कहता है कि सारे कार्य सुख और दुःख से संचालित होते हैं ?

(अ) डेविड ह्यूम

(ब) बेन्थम

(स) अगस्ट कॉम्टे

(द) रूसो

17. संविधान के अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत आपातकाल की उद्घोषणा के दौरान कौनसे मूल अधिकार स्थगित नहीं होंगे ?

(अ) अनुच्छेद 14, 19 एवं 20

(ब) अनुच्छेद 19, 20 एवं 21

(स) अनुच्छेद 20 एवं 21

(द) अनुच्छेद 20, 21 एवं 22

18. Which school is also known as Positive School of Jurisprudence ?

(a) Sociological school

(b) Analytical school

(c) Historical school

(d) Natural school

19. Although he is *not* a member of both Houses of Parliament yet he can participate in their deliberation, who is he :

(a) Attorney General of India

(b) Solicitor General of India

(c) Comptroller and Auditor General of India (CAG)

(d) Chief Election Commissioner of India

20. In the case of inconsistency between Act made by Parliament and Act made by the State Legislature, which Act will prevail ?

(a) Act made by the Parliament

(b) Act made by the State Legislature

(c) Both of their Acts will be cancelled

(d) Both of their Acts would prevail

18. कौनसी विचारधारा को विधिशास्त्र की सकारात्मक विचाराधारा कहा जाता है ?

(अ) समाजशास्त्रीय विचारधारा

(ब) विश्लेषणात्मक विचारधारा

(स) ऐतिहासिक विचारधारा

(द) प्राकृतिक विचारधारा

19. यद्यपि वह संसद के दोनों सदनों में से किसी का सदस्य नहीं होता है फिर भी वह सदन के विचार-विमर्श में भाग ले सकता है। वह कौन है ?

(अ) भारत के महान्यायविद

(ब) भारत के सोलिसिटर जनरल

(स) भारत के महालेखापरीक्षक व अंकेक्षक (सीएजी)

(द) भारत के प्रमुख निर्वाचन आयुक्त

20. संसद द्वारा निर्मित अधिनियम और एक राज्य के विधान मण्डल/विधान सभा द्वारा निर्मित अधिनियम में असंगति की स्थिति में किसका अधिनियम अभिभावी होगा ?

(अ) संसद द्वारा निर्मित अधिनियम

(ब) विधान मण्डल/विधान सभा द्वारा निर्मित अधिनियम

(स) दोनों के द्वारा निर्मित अधिनियम रद्द होंगे

(द) दोनों के निर्मित अधिनियम अभिभावी होंगे

21. The Doctrine of Separation of Powers is applied in the Constitution as :

(a) All powers vested in Parliament and State Legislative Assembly/Councils

(b) All powers vested in President and Parliament

(c) Judicial powers vested in Courts and all other powers vested in Legislature and Executive

(d) All powers vested in Cabinet and Judiciary

22. Who propounded the Theory of Social Solidarity ?

(a) Leon Duguit

(b) Roscoe Pound

(c) Holland

(d) Kelson

23. The jural opposite of 'Right' is :

(a) Wrong

(b) No right

(c) Disability

(d) Duty

21. शक्ति पृथक्करण के सिद्धान्त को भारत के संविधान में लागू किया है जोकि :

(अ) सम्पूर्ण शक्तियाँ संसद और राज्य विधान मण्डलों/विधान सभाओं में निहित है

(ब) सम्पूर्ण शक्तियाँ राष्ट्रपति और संसद में निहित हैं

(स) न्यायिक शक्तियाँ न्यायालयों में निहित और अन्य सभी शक्तियाँ व्यवस्थापिका एवं कार्यपालिका में निहित हैं

(द) सम्पूर्ण शक्तियाँ मन्त्रिमण्डल और न्यायपालिका में निहित हैं

22. सामाजिक समेकता के सिद्धान्त को किसने प्रतिपादित किया ?

(अ) लिओन ड्यूगिट

(ब) रास्को पाउण्ड

(स) हॉलैण्ड

(द) केल्सन

23. 'अधिकार' का विधिक विलोम है :

(अ) अपकार

(ब) अधिकार नहीं

(स) निर्योग्यता

(द) कर्त्तव्य

24. "The movement of progressive societies has hitherto been a movement from status to contract", is the statement of :

(a) Oliver Wendell Holmes

(b) Von Savigny

(c) Henry Maine

(d) Karl Marx

25. The budget of UN is approved by :

(a) The Secretary General

(b) The General Assembly

(c) The Security Council

(d) The General Assembly and the Security Council together

26. Decision of the International Court of Justice are of Binding force :

(a) For the parties only

(b) For all States of the world

(c) For all the members of the U.N.O.

(d) For all the States parties to the statute of the ICJ.

24. "प्रगतिशील समाज की गति अब तक प्रास्थिति से संविदा की ओर रही है", कथन है :

(अ) ओलिवर वेन्डल होम्स का

(ब) वोन सेविनी का

(स) हेनरी मेन का

(द) कार्ल मार्क्स का

25. संयुक्त राष्ट्र का बजट अनुमोदित किया जाता है :

(अ) महासचिव द्वारा

(ब) साधारण सभा द्वारा

(स) सुरक्षा परिषद् द्वारा

(द) साधारण सभा और सुरक्षा परिषद् दोनों के द्वारा

26. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के निर्णय बाध्यकारी हैं :

(अ) केवल वाद के पक्षकारों के लिये

(ब) विश्व के समस्त राज्यों के लिये

(स) राष्ट्रसंघ के सभी सदस्यों के लिये

(द) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के परिनियम को स्वीकार करने वाले राज्यों के लिये

27. The decision of the Security Council on procedural matters needs an affirmative vote of :

(a) 7 members

(b) 9 members

(c) 15 members

(d) 9 members including 5 permanent members

28. In which one of the following conferences the U.N. Charter was voted and unanimously adapted ?

(a) Tehran Conference

(b) San Francisco Conference

(c) Yalta Conference

(d) Dumbarton Oaks Conference

29. The number of sources of International Law listed in Article 38(1) of the Statute of International Court of Justice are :

(a) Three

(b) Four

(c) Five

(d) Six

27. प्रक्रियात्मक मामलों में सुरक्षा परिषद् के निर्णय के लिए सकारात्मक मत चाहिए :

(अ) सात सदस्यों के

(ब) नौ सदस्यों के

(स) पन्द्रह सदस्यों के

(द) नौ सदस्यों के जिनमें पाँच स्थायी सदस्य भी सम्मिलित हों

28. निम्न में से किस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र घोषणा-पत्र पर मतदान हुआ एवं सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया :

(अ) तेहरान सम्मेलन

(ब) सैन फ्रान्सिस्को सम्मेलन

(स) याल्टा सम्मेलन

(द) डम्बरटन ओक्स सम्मेलन

29. न्याय के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के अधिनियम के अनुच्छेद 38(1) में अन्तर्राष्ट्रीय विधि के स्रोतों की संख्या है :

(अ) तीन

(ब) चार

(स) पाँच

(द) छः

30. The Secretary General of UNO is appointed by :

(a) General Assembly

(b) Security Council

(c) General Assembly on recommendation of Security Council

(d) President of International Court of Justice

31. The judges of ICJ are elected by :

(a) the General Assembly

(b) the Security Council

(c) both the Security Council and General Assembly

(d) General Assembly and International Commission of Jurists

32. 'Iddat' is a period during which a Muslim woman is prohibited from marrying on dissolution of marriage :

(a) by death

(b) by divorce

(c) both (a) and (b)

(d) none of the above

30. संयुक्त राष्ट्र संघ का महासचिव नियुक्त किया जाता है :

(अ) महासभा द्वारा

(ब) सुरक्षा परिषद् द्वारा

(स) सुरक्षा परिषद् की सिफारिश पर महासभा द्वारा

(द) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा

31. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश चुने जाते हैं :

(अ) सामान्य सभा द्वारा

(ब) सुरक्षा परिषद् द्वारा

(स) दोनों सामान्य सभा तथा सुरक्षा परिषद् द्वारा

(द) सामान्य सभा तथा विधिवेत्ताओं के अन्तर्राष्ट्रीय आयोग द्वारा

32. 'इद्दत' वह अवधि है जिसमें विवाह विच्छेद के बाद मुस्लिम महिला के लिए विवाह निषिद्ध है :

(अ) मृत्यु द्वारा

(ब) विवाह विच्छेद द्वारा

(स) दोनों (अ) व (ब)

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

33. The theory of Divorce by mutual consent was introduced in India, in the year :

(a) 1978

(b) 1988

(c) 1985

(d) 1976

34. A marriage under Hindu Marriage Act, 1955 between persons within sapind relationship is :

(a) Valid

(b) Voidable

(c) Void

(d) Irregular

35. Muta marriage is recognized by :

(a) Hanafi School

(b) Maliki School

(c) Ithna Ashari School

(d) Hanbali School

33. पारस्परिक सहमति से विवाह विच्छेद सिद्धान्त में लागू हुआ, वर्ष में :

(अ) 1978

(ब) 1988

(स) 1985

(द) 1976

34. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत् सपिण्ड रिश्तेदारों के मध्य विवाह है :

(अ) वैध

(ब) शून्यकरणीय

(स) शून्य

(द) अनियमित

35. मुता विवाह को मान्यता है :

(अ) हनाफी विचारधारा में

(ब) मलिकी विचारधारा में

(स) इथना अशारी विचारधारा में

(द) हनबली विचारधारा में

36. If a husband compares his wife with his real sister, this form of divorce is called :

(a) Zihar

(b) Khula

(c) Illa

(d) Mubarrah

37. Testamentary Guardians can be appointed by :

(a) Father

(b) Mother

(c) Father and Mother

(d) Court

38. Under which Section of Hindu Marriage Act, 1955, a wife can claim permanent maintenance :

(a) 24

(b) 23

(c) 25

(d) 26

36. जहाँ पति अपनी पत्नी की तुलना अपनी सगी बहन से करता है, विवाह विच्छेद की यह पद्धति कहलाती है :

(अ) ज़िहार

(ब) खुला

(स) इला

(द) मुबरत

37. वसीयती संरक्षक नियुक्त किया जाता है :

(अ) पिता द्वारा

(ब) माता द्वारा

(स) पिता एवं माता द्वारा

(द) न्यायालय द्वारा

38. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत किस धारा में एक पत्नी स्थायी भरण-पोषण का दावा कर सकती है ?

(अ) 24

(ब) 23

(स) 25

(द) 26

39. 'Tuhr' means :

(a) period of Iddat

(b) period of menstruation

(c) period between two menstruations

(d) none of the above

40. "*Damnum Sine Injuria*" means :

(a) There is damage but no bodily injury

(b) There is damage as well as bodily injury

(c) There is damage without violation of legal right

(d) There is no damage but there is violation of legal right

41. Absolute Liability Principle operates when :

(a) The escape takes place causing damages

(b) The escape takes place by vis major

(c) The escape takes place by plaintiff own fault

(d) The escape takes place by act of stranger

39. 'तुहर' का मतलब है :

(अ) इद्दत काल

(ब) मासिकधर्म की अवधि

(स) दो मासिकधर्म की मध्यावधि

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

40. 'डेमनम साइन इन्जूरिया' का अर्थ है :

(अ) क्षति है किन्तु शारीरिक चोट नहीं है

(ब) क्षति है और शारीरिक चोट भी है

(स) क्षति है विधिक अधिकार के अतिक्रमण के बिना

(द) क्षति नहीं है किन्तु विधिक अधिकार का अतिक्रमण है

41. पूर्ण दायित्व का सिद्धान्त प्रभावी होता है जब :

(अ) वस्तु का पलायन हो और हानि हो

(ब) वस्तु का पलायन दैवकृत हो

(स) वस्तु का पलायन वादी की गलती से हो

(द) वस्तु का पलायन अजनबी के कृत्य से हो

42. Vicarious Liability means :

(a) Liability of the principal for the tort of his agent

(b) Liability of the shareholders of each other's tort

(c) Liability of the master for the tort of his servant

(d) Both (a) and (c)

43. A sues B for injury suffered in the course of a game B can take the defence of the Maxim :

(a) Volenti non fit injuria

(b) Damnum sine injuria

(c) De minimus non curet lex

(d) Res ipsa Loquitur

44. Under which Section of Hindu Succession Act, 1956, provisions are made for succession in the case of female Hindus ?

(a) 12

(b) 15

(c) 14

(d) 13

42. प्रतिनिधिक दायित्व का अर्थ है :

(अ) अभिकर्ता के अपकृत्य का मालिक पर दायित्व

(ब) एक-दूसरे के अपकृत्यों का अंशधारकों पर दायित्व

(स) नौकरी के अपकृत्य का मालिक पर दायित्व

(द) दोनों (अ) एवं (स)

43. 'अ' खेल के दौरान लगी चोट के लिये 'ब' के विरुद्ध वाद लाता है 'ब' बचाव ले सकता है :

(अ) 'सम्मत कार्य क्षति नहीं होती' सूत्र का

(ब) 'क्षति रहित हानि' सूत्र का

(स) विधि छोटी बातों का समाधान नहीं करती' सूत्र का

(द) 'परिस्थिति स्वयं बोलती है' सूत्र का

44. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की किस धारा में हिन्दू स्त्री के उत्तराधिकार से सम्बन्धित प्रावधान है ?

(अ) 12

(ब) 15

(स) 14

(द) 13

45. The offence of dacoity involves at least :

(a) Seven persons

(b) Four persons

(c) Five persons

(d) Six persons

46. Under Order VI Rule 17 of the Code of Civil Procedure, the court can allow to alter or amend the proceedings to :

(a) Either party

(b) To plaintiff only

(c) To defendant only

(d) To only one defendant, if there are more than one defendant

47. Under Section 15 of the Code of Civil Procedure, every suit shall be instituted in :

(a) District Court

(b) The Court of lower grade

(c) The Court of higher grade

(d) All of the above

45. डकैती के अपराध में सम्मिलित होते हैं कम-से-कम :

(अ) सात व्यक्ति

(ब) चार व्यक्ति

(स) पाँच व्यक्ति

(द) छः व्यक्ति

46. सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 6 नियम 17 के तहत न्यायालय कार्यवाही में बदलाव या संशोधन की आज्ञा दे सकता है :

(अ) किसी भी पक्ष को

(ब) केवल वादी को

(स) केवल प्रतिवादी को

(द) केवल एक प्रतिवादी को, यदि एक से ज्यादा प्रतिवादी हों तो

47. सिविल प्रक्रिया की धारा 15 के अन्तर्गत, सभी वाद संस्थित होंगे :

(अ) जिला न्यायालय में

(ब) निम्नतम श्रेणी के न्यायालय में

(स) उच्चतम श्रेणी के न्यायालय में

(द) उपर्युक्त सभी में

48. Which Provision of the Code of Civil Procedure provides that one person may sue or defend on behalf of all in same interest ?

(a) Order 1, Rule 1

(b) Order 2, Rule 2

(c) Order 1, Rule 8

(d) Order 1, Rule 9

49. A minor can use :

(a) Himself

(b) Through next friend

(c) Upon attaining the age of majority

(d) Any of the above

50. Provisions with regard to res judicata are provided in Section......................of the Code of Civil Procedure, 1908.

(a) 9

(b) 12

(c) 100

(d) 11

48. सिविल प्रक्रिया संहिता के किस प्रावधान में दिया हुआ है कि एक व्यक्ति समान हित वाले अन्य व्यक्तियों की तरफ से वाद कर सकता है व बचाव भी कर सकता है :

(अ) आदेश 1 नियम 1

(ब) आदेश 2 नियम 2

(स) आदेश 1 नियम 8

(द) आदेश 1 नियम 9

49. एक अवयस्क वाद कर सकता है :

(अ) स्वयं

(ब) नेक्स्ट फ्रेंड द्वारा

(स) वयस्कता प्राप्त होने पर

(द) उपर्युक्त में से किसी से भी

50. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा...... में प्राङ्न्याय का सिद्धान्त प्रतिपादित है ।

(अ) 9

(ब) 12

(स) 100

(द) 11

51. A person instituting a suit in 'form of a pauper' is known as :

(a) Intelligent person

(b) Juristic person

(c) First person

(d) Indigent person

52. Power granted to a Court under Section 151 of the Code of Civil Procedure, 1908 is known as :

(a) Inherent power

(b) Appellate power

(c) Revisional power

(d) Reviewing power

53. A woman ran to a well stating that she would jump into the well but she was caught before she could reach it. She is guilty of :

(a) Attempt of suicide

(b) Attempt of murder

(c) Attempt of culpable homicide

(d) No offenced

51. एक व्यक्ति द्वारा 'निर्धन के रूप में' वाद जाना जाता है :

(अ) प्रबुद्ध व्यक्ति

(ब) विधि व्यक्ति

(स) प्रथम व्यक्ति

(द) निर्धन व्यक्ति

52. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 151 में न्यायालय को जो शक्ति दी गई है, वह कहलाती है :

(अ) अंतर्निहित शक्ति

(ब) अपीलीय शक्ति

(स) पुनर्विलोकन शक्ति

(द) पुनरीक्षण शक्ति

53. एक स्त्री यह कहते हुए कुएँ की ओर भागती है कि वह उस कुएँ में कूदेगी लेकिन वहाँ पहुँचने से पहले पकड़ ली जाती है, वह दोषी है :

(अ) आत्महत्या का प्रयास

(ब) हत्या का प्रयास

(स) सदोष मानव वध का प्रयास

(द) कोई अपराध नहीं

54. In which one of the following offences 'Mens rea' is not an essential element ?

(a) defamation

(b) Adultery

(c) Assault

(d) Kidnapping

55. 'A' is asked who stole B's watch. 'A' points to Z, intending to cause it to be believed that Z stole B's watch. This is an offence under Section :

(a) 498

(b) 499

(c) 500

(d) 501

56. 'A' voluntarily burns a valuable Security belonging to Z. 'A' has committed :

(a) Cheating

(b) Fraud

(c) Mischief

(d) Theft

54. निम्नलिखित अपराधों में से किसमें मेन्स रिया आवश्यक तत्व नहीं है ?

(अ) मानहानि

(ब) जारता

(स) हमला

(द) व्यपहरण

55. 'क' से पूछा जाता है कि 'ख' की घड़ी किसने चुराई है। 'क' यह विश्वास कराने के आशय से कि 'ग' ने 'ख' की घड़ी चुराई है 'ग' की ओर संकेत करता है, यह अपराध है, भारतीय दण्ड संहिता की धारा :

(अ) 498

(ब) 499

(स) 500

(द) 501

56. 'अ' सदोष हानि कारित करने के आशय से 'ब' की मूल्यवान प्रतिभूतियों को स्वेच्छया जला देता है। 'अ' ने कौनसा अपराध किया ?

(अ) छल

(ब) कपट

(स) रिष्टी

(द) चोरी

57. In Rex *Vs.* Govinda the points of distinction between the provisions of the following Sections of the IPC were explained :

(a) 34 and 149

(b) 302 and 304

(c) 299 and 300

(d) 403 and 405

58. Painter 'A' promises to make a painting for 'B' :

(a) A's employer can perform the promise

(b) A's servant can perform the promise

(c) 'A' must perform his promise personally

(d) A's son can perform the promise

59. Vishakha *Vs.* State of Rajasthan case deals with :

(a) the problems of child labour

(b) sexual harassment of women at the working place

(c) problems of prostitutes

(d) problems of bonded laboures

57. रेक्स बनाम गोविन्दा के वाद में निम्नलिखित धाराओं में अन्तर स्पष्ट किये गए हैं :

(अ) 34 और 149

(ब) 302 और 304

(स) 299 और 300

(द) 403 और 405

58. चित्रकार 'अ' 'ब' के लिए चित्र बनाने का वचन देता है :

(अ) 'अ' का नियोजक वचन का पालन कर सकता है

(ब) 'अ' का सेवक वचन का पालन कर सकता है

(स) 'अ' को व्यक्तिशः अपने वचन का पालन करना होगा

(द) 'अ' का पुत्र वचन का पालन कर सकता है

59. विशाखा बनाम् राजस्थान राज्य वाद संबंधित है :

(अ) बाल श्रमिकों की समस्या से संबंधित

(ब) स्त्रियों के कार्यस्थल के दौरान यौनाचार से संबंधित

(स) वैश्याओं की समस्याओं से संबंधित

(द) बंधुआ मजदूरों की समस्याओं से संबंधित

60. Which two judges of the Supreme Court played the leading role to promote PIL in India ?

(a) Justice P.N. Bhagwati and Justice Desai

(b) Justice P.N. Bhagwati and Justice Krishna Iyer

(c) Justice Sikori and Justice Gajendra Gedkar

(d) Justice Bherucha and Justice Ojha

61. The charter of the company refers to its :

(a) Memorandum of Association

(b) Articles of Association

(c) Prospectus

(d) Shelf Prospectus

60. भारत में लोकहित मुकदमा को प्रोत्साहित करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के कौनसे दो न्यायाधीशों ने अहम् भूमिका निर्वाह की ?

(अ) न्यायाधीश भगवती एवं न्यायाधीश देसाई

(ब) न्यायाधीश भगवती एवं न्यायाधीश कृष्णा अय्यर

(स) न्यायाधीश सीकरी एवं न्यायाधीश गजेन्द्र गडकर

(द) न्यायाधीश भरूचा एवं न्यायाधीश औझा

61. कम्पनी का संविधान कहा गया है :

(अ) संगम ज्ञापन को

(ब) संगम अनुच्छेद को

(स) विवरणिका

(द) शेल्फ प्रोस्पेक्टस

62. The Interval between two Annual General Meetings should not be more than :

(a) 12 months

(b) 15 months

(c) 18 months

(d) 20 months

63. A certificate of registration of a Trade Union may be withdrawn or cancelled by the Registrar :

(a) on the application of the Trade Union

(b) Certificate has been obtained by fraud or mistake

(c) Trade Union has ceased to exist

(d) All of the above

62. दो वार्षिक साधारण अधिवेशनों के मध्य अन्तराल ............................से अधिक नहीं होना चाहिए।

(अ) 12 माह

(ब) 15 माह

(स) 18 माह

(द) 20 माह

63. रजिस्ट्रार किसी भी व्यवसाय संघ के रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र को वापस ले या रद्द कर सकता है :

(अ) व्यवसाय संघ के आवेदन-पत्र पर

(ब) रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र कपट या भूलवश प्राप्त किया गया है

(स) व्यवसाय संघ अस्तित्व में नहीं रह गया है

(द) उपर्युक्त सभी

64. Hindu woman can adopt a male child if age difference between the two is :

(a) 12 years

(b) 15 years

(c) 18 years

(d) 21 years

65. An agreement with minor is void, hence :

(a) Minor is never allowed to enforce such agreement

(b) Minor is allowed to enforce such agreement, if it was made for his benefit

(c) Minor is always allowed to enforce such agreement

(d) Minor is allowed to enforce such contract when other party makes no objection

64. हिन्दू महिला एक पुरुष बच्चे को गोद (दत्तक) ले सकती, अगर दोनों के मध्य उम्र का अन्तर हो :

(अ) 12 वर्ष

(ब) 15 वर्ष

(स) 18 वर्ष

(द) 21 वर्ष

65. अवयस्क का करार शून्य है, अत:

(अ) अवयस्क उस करार को कभी प्रवर्तनीय नहीं बना सकता

(ब) अवयस्क करार को प्रवर्तनीय बना सकता है, यदि वह उसके लाभ के लिए हो

(स) अवयस्क हमेशा उसका प्रवर्तन करवा सकता है

(द) यदि दूसरा पक्ष विरोध नहीं करता हो तो अवयस्क उस संविदा का प्रवर्तन करवा सकता है

66. Factories Act, 1948 defines 'Child' as a person :

(a) who has not completed his fifteenth year of age

(b) who has completed his fifteenth year of age

(c) who has completed his fifteenth year of age but has not completed his eithteenth year of age

(d) who has not completed his fourteenth year of age

67. Which of the following statements is *correct* ?

(a) An agreement to remain unmarried is voidable

(b) An agreement to remain unmarried is void

(c) An agreement to remain unmarried is valid

(d) An agreement to remain unmarried is invalid

66. कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत 'बालक' को परिभाषित किया गया है, एक ऐसा व्यक्ति :

(अ) जिसने 15 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है

(ब) जिसने 15 वर्ष की आयु पूरी कर ली है

(स) जिसने 15 वर्ष की आयु पूरी कर ली है परन्तु 18 वर्ष पूरे नहीं किये हैं

(द) जिसने 14 वर्ष पूरे नहीं किये हैं

67. निम्न में से कौनसा कथन सही है ?

(अ) अविवाहित रहने का करार शून्यकरणीय है

(ब) अविवाहित रहने का करार शून्य है

(स) अविवाहित रहने का करार वैध है

(द) अविवाहित रहने का करार अवैध है

68. An acceptance given by post :

(a) can be revoked at any time

(b) cannot be revoked at all

(c) can be revoked, if it does not reach to the proposer

(d) can be revoked, even if it comes to the knowledge of proposer

69. A promise to pay time barred debt is :

(a) not enforceable

(b) enforceable at the discretion of debtor

(c) enforceable under exception

(d) none of the above

70. Under Section 30 of the Indian Contract Act, 1872 an agreement by way of wager is :

(a) Illegal

(b) Valid

(c) Void

(d) Invalid

68. डाक द्वारा दी गई स्वीकृति :

(अ) कभी भी प्रतिसंहरित की जा सकती है

(ब) प्रतिसंहरित नहीं की जा सकती

(स) प्रतिसंहरित की जा सकती है, यदि प्रस्थापक के पास नहीं पहुँची हो

(द) प्रतिसंहरित की जा सकती है, प्रस्थापक की जानकारी में आने के बाद भी

69. कालवर्जित ऋण चुकाने का वचन :

(अ) अप्रवर्तनीय है

(ब) ऋणदाता की मंशा पर प्रवर्तनीय

(स) अपवादों के अन्दर प्रवर्तनीय

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 30 के अनुसार एक बाजी का करार है :

(अ) अवैधानिक

(ब) वैध

(स) शून्य

(द) अवैध

Space for Rough Work
कच्चे कार्य के लिए स्थान

SEAL